TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S a t u r d a y

## 22 जून

1. **विश्व वर्षावन दिवस–** धरती को स्वस्थ रखने में वर्षावनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विश्व के मात्र दो प्रतिशत भूमि पर विस्तृत वर्षावन 20 प्रतिशत ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं और भारी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड का अवशोषण करते हैं। वर्षावनों में विश्व की आधी जीव–जन्तुओं की प्रजातियां पायी जाती है। इन वर्षा वनों को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 जून को विश्व वर्षावन दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, भूगोल की पाठ्यपुस्तक **'हमारी दुनिया भाग–2' के इकाई 1(ख)** से जोड़कर चर्चा करें।
2. **पुरंदर की संधि–** शिवाजी की दक्षिण में बढ़ती हुई शक्ति को कुचलने के लिए औरंगजेब ने जयसिंह को दक्षिण भेजा। जयसिंह एवं शिवाजी के मध्य 22 जून, 1665 ई. को प्रसिद्ध 'पुरन्दर की संधि' हुई। संधि के शर्तों के अनुसार शिवाजी ने 4 लाख हूण वाले 23 किले मुगलों को सौंप दिये तथा अपने पुत्र शम्भू को मुगल सेवा में भेजकर जयसिंह के कहने पर खुद 22 मई, 1666 ई. को आगरा किले के 'दीवान–ए–आम' में औरंगजेब के समक्ष प्रस्तुत हुए। यहां से शिवाजी को कैदकर 'जयपुर भवन' में रख दिया गया, जहां से शिवाजी फरार हो गये।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, **'अतीत से वर्तमान भाग–2', अध्याय 9**
3. **फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना–** कांग्रेस के त्रिपुरा अधिवेशन के बाद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 22 जून, 1939 ई. को 'फॉरवर्ड ब्लॉक' नामक संगठन की स्थापना की।
4. **अमरीश पुरी का जन्म–** 'भारतीय फिल्मों के मशहूर खलनायक' अमरीश पुरी का जन्म 22 जून, 1932 ई. को पंजाब में हुआ था। उन्होंने अपने फिल्मी कैरियर की शुरूआत 1971 ई. में 'प्रेम पुजारी' से किया था। वर्ष 1987 में बनी फिल्म 'मिस्टर इंड़िया' का डॉयलाग 'मोगैम्बो खुश हुआ' ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलायी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'गांधी' में 'खान' की भूमिका निभायी थी।
5. **विश्व ऊँट दिवस–** लुप्त हो रहे ऊँट के संरक्षण की दिशा मे जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 22 जून को विश्व ऊँट दिवस मनाया जाता है। माना जाता है कि प्रथम ऊँट दिवस वर्ष 2009 में पाकिस्तान में मनाया गया था। ऊँट गर्म प्रदेशों में पाया जाता है। 'रेगिस्तान के जहाज' के उपनाम से प्रसिद्ध इस पशु को एक बार चारा–पानी देने के बाद लगातार 40 दिन तक रेगिस्तान में परिवहन का कार्य करवाया जा सकता है। एक कुबड़ वाला (अरबी) ऊँट भारत के राजस्थान में तथा दो कुबड़ वाला (बैक्ट्रीयन) ऊँट लद्दाख के नूब्रा घाटी के ठंडे रेगिस्तान में पाया जाता है। ऊँटनी का दूध प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

/teachersofbihar

*Madhu priya*

# जयंती विशेष 22 जून

राकेश कुमार



स्वतंत्रता सेनानी

**गणेश घोष जी**

की जयंती पर

कोटि -कोटि प्रणाम



**गणेश घोष** *Ganesh Ghosh*, जन्म- 22 जून, 1900, बंगाल; मृत्यु- 16 अक्टूबर, 1994, कोलकाता) बंगाली भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ थे। 'मानिकतल्ला बम कांड' के सिलसिले में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 1928 में वे जेल से बाहर निकले और कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में भाग लिया। सन 1946 में गणेश घोष कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए थे। वे 1952 में बंगाल विधान सभा के और 1967 में लोकसभा के सदस्य चुने गए।

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

22 जून

मधु प्रिया

## विश्व वर्षावन दिवस 22 जून



विश्व वर्षावन दिवस 22 जून को मनाया जाता है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह दिन वर्षावनों के अस्तित्व का जश्न मनाने और इस अभिन्न प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने और बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष, दिवस की थीम को 'एक साथ संरक्षित' के रूप में अंतिम रूप दिया गया है। अब सदैव।' इस अवसर पर दुनिया भर के लोग विभिन्न अभियानों और आयोजनों के एक भाग के रूप में एकजुट होते हैं जो वर्षावनों के संरक्षण के तरीकों और रणनीतियों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।2017 में इस तारीख को पहला विश्व वर्षावन दिवस शुरू किया गया था, जिसे रेनफॉरेस्ट पार्टनरशिप नामक समूहों के प्रयासों और सहयोग के माध्यम से पेश किया गया था। इस कदम के पीछे का एजेंडा दुनिया के वर्षावनों की रक्षा करना था, जो पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग हैं।ये वर्षावन हमें कार्बन डाइऑक्साइड सहित हानिकारक गैसों को अवशोषित करके ताजा पानी और स्वच्छ हवा जैसे कई संसाधन प्रदान करते हैं, इस प्रकार जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सरल शब्दों में, वर्षावन एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ सदाबहार पेड़ अधिक मात्रा में वर्षा करते हैं। वर्षावन ग्रह पृथ्वी पर सबसे पुराने जीवित पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं, कुछ वनस्पति और जीव अपने वर्तमान स्वरूप में कम से कम 70 मिलियन वर्षों से जीवित हैं । अंटार्कटिका को छोड़कर, अन्य सभी महाद्वीपों में वर्षावन पनपते हैं। वर्षावन पृथ्वी की सतह के केवल 6 प्रतिशत को कवर करते हैं, फिर भी वे विविध और जटिल हैं क्योंकि वे दुनिया के आधे से अधिक पौधों और जानवरों की प्रजातियों का घर हैं। वर्षावन ग्रह की भलाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और यह जलवायु को विनियमित करने में मदद करता है और रोजमर्रा के उत्पाद प्रदान करता है जो मानव जीवन का मूल हैं।

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.06.2024

## निगमन विधि

अरस्तू ने निगमन विधि का आविष्कार किया। इस पद्धति में, एक शिक्षार्थी पहले सामान्य सूत्र, नियम और सिद्धांत सीखता है और फिर इसे विभिन्न सापेक्ष विशिष्ट उदाहरणों पर लागू करता है। निगमन में, नियम को स्वीकार किया जाता है और फिर कई विशिष्ट उदाहरणों पर लागू किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत मैगी का सबसे बड़ा मार्केट बन गया है।
कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में लगभग
600 करोड़ मैगी के पैकेट की बिक्री की है।

# ToB बालमन विशेषांक

[साप्ताहिक]

## विषय : हिन्दी

## वाक्यांश के लिए एक शब्द

- हिसाब-किताब की जाँच करने की क्रिया- अंकेक्षण
- जो हिसाब-किताब की जाँच करता हो- अंकेक्षक
- हाथ जोड़कर प्रणाम करने की मुद्रा- अंजलिबद्ध
- अंडे से जन्म लेने वाला- अंडज
- दो मकानों के बीच की गली- अंतरिका
- मन में अपने आप से उत्पन्न होने वाली प्रेरणा- अंत:प्रेरणा
- पृथ्वी का वह भाग जो दूर तक समुद्र में चला गया हो- अंतरीप
- मन में होने वाला या स्वाभाविक ज्ञान- अंतर्ज्ञान
- किसी देश के अन्दर होने वाला या उससे सम्बन्ध रखने वाला- अंतर्देशीय




धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन पत्रिका


www.teachersofbihar.org

# टेनिस तथ्य

ओपन एरा की शुरुआत 1968 में हुई थी, जब ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट पेशेवर (professional) खिलाड़ियों को शौकीनों (amateurs) के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने के लिए सहमत हुए ।

1968 में, फ्रेंच चैंपियनशिप ओपन होने वाला पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट बना, जिसमे एमेच्योर और पेशेवरों को प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई ।

पीट सम्प्रास, जिनके पास रोजर फेडरर से पहले ग्रैंड स्लैम के अधिकतम खिताब थे, ने कभी भी फ्रेंच ओपन खिताब नहीं जीता ।

मार्गरेट स्मिथ कोर्ट ने सबसे अधिक 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतें हैं (टेनिस के इतिहास में)।

जर्मनी के बोरिस बेकर एकल में विंबलडन जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी थे। वह 17 साल के थे जब उन्होंने इसे 1985 में जीता था ।

फ्रेंच ओपन वास्तव में एक व्यक्ति के नाम पर रखा गया है - रोलैंड गैरोस। वह एक विश्व स्तरीय एविएटर (विमान चालक) और एक महान टेनिस खिलाड़ी थे ।

1997 में, 16 वर्षीय मार्टिना हिंगिस विश्व की सबसे कम उम्र की नंबर 1 बनीं।

विम्बलडन में महिला एकल विजेता के लिए प्रस्तुत ट्रॉफी को वीनस रोजवाटर डिश के रूप में जाना जाता है।.

भारत के एक बौद्ध भिक्षु, विद्वान, यात्री, लेखक, 20 वीं शताब्दी के बौद्ध धर्म के महान कार्यकर्ताओं में से एक

# भदंत आनंद कौसल्यायन

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 5 जनवरी 1905 - मत्यु- 22 जून 1988



Madhu priya

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ

# गणेश घोष

की जयंती  पर सादर नमन।



जन्म- 22 जून, 1900- मृत्यु- 16 अक्टूबर, 1994

www.teqchersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
युग प्रवर्तक संत
सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध
जन जागरण करने वाले
अद्वितीय रचनाकार
संत
कबीरदास
की जयंती पर
उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि
www.teachersofbihar.org
Madhu priya




वर्षावन पृथ्वी के फेफड़े के रूप में कार्य करते हैं और इन्हीं वर्षावनों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को उठाने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 22 जून को

## विश्व वर्षा वन दिवस

मनाया जाता है।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

22 जून 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

साधारण दिखने वाले लोग ही दुनिया
के सबसे अच्छे लोग होते हैं।

**अब्राहम लिंकन**



राकेश कुमार